>

Title: Situation arising due to sudden strike by Air India Pilots.

श्री जगदम्बिका पाल : अधिष्ठाता महोदय, मैं आपका बहुत ही आभारी हूं कि आपने इस विषय की महत्ता को समझा है। यह विषय अत्यंत महत्वपूर्ण, लोकमहत्व का एवं तात्कालिक है क्योंकि पिछले तीन दिनों से लगातार पूरे देश में, जो हमारे लिए एक प्रतिष्ठा का विषय है, हमारे नेशनल कैरियर के रूप में एयर इंडिया है, उस एयर इंडिया में हड़ताल के कारण देश के तमाम मुख्तलिफ हलकों से यात्रियों का जो असुविधा हो रही है, मैं उस महत्वपूर्ण विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। स्वाभाविक है कि आज वह डिबेट कंटीन्यू रह गयी, माननीय मंत्री जी ने उत्तर नहीं दिया। लेकिन आज अमृतसर में जो यात्री हैं जिनको टोरंटो जाना था, मुंबई से जिनको शिकागो जाना था, दिल्ली से जिनको हांगकांग जाना था, बिना किसी पूर्व सूचना के जिस तरह से हमारे पायलट्स हड़ताल पर गए, एक तरफ अपने इस नेशनल कैरियर की प्रतिष्ठा को बचाने के लिए सरकार लगातार बेल-आउट कर रही है, लगातार सरकार उनकी सैलरीज की व्यवस्था कर रही है और दूसरी तरफ पिछले कुछ वर्षों में अगर आठ-आठ बार हड़तालें हुई हैं, तो उससे राजस्व की हानि हो रही है, इससे कुठाराघात हो रहा है।

मैं समझता हूं कि यह बहुत तात्कालिक विषय है और हाई कोर्ट ने भी उनकी हड़ताल पर बैन लगा दिया है। स्वाभाविक है कि जब न्यायपालिका ने जिस हड़ताल को औचित्यहीन माना है, अवैध माना है, उसके बावजूद भी पायलेट्स हड़ताल पर हैं। यह भी ठीक है कि सरकार ने कार्रवाई की है, इंडियल पायलेट्स गिल्ड एसोसिशएशन को बैन भी किया, उनके दफ्तरों पर भी प्रतिबंध लगाया है। फिर ऐसी क्या बात है कि मामला इतना तूल पकड़ रहा है। मेरा सुझाव है कि या तो इसे भी एसेंशियल सर्विस घोÂषित किया जाए, जिससे यहां भी हड़ताल पर प्रतिबंध लग सके। इसके अलावा उनकी जो वाज़िब मांगें हैं, सरकार उन पर बात करने के लिए तैयार है। खुद नागरिक उड्डयन मंत्री जी ने कहा कि हम आपकी वाज़िब मांगों पर बात करने के लिए तैयार हैं। अगर एक तरफ सरकार बात करने को तैयार हो और दूसरी तरफ वे हड़ताल पर चले जाएं और हजारों यात्री जो घर से तैयार होकर आस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूयार्क और हांगकांग आदि जगहों पर जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचते हैं, उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। मैं समझता हूं कि यह एक गम्भीर मामला है और मैं आपके माध्यम से सरकार से चाहूंगा कि वह इस मसले पर रिस्पॉंड करे। इसके साथ ही मैं सरकार से मांग करूंगा कि वह तत्काल इस स्थिति को सामान्य बनाने की दिशा में कदम उठाए।

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦ **

MR. CHAIRMAN: Shri Kamal *alias* Commando Kishor may be allowed to associate with the matter raised by Shri Jagdambika Pal.